>

Title: Need to construct a dam on river Segur in Kanpur, Uttar Pradesh with a view to provide irrigation facilities in the region.

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) :** सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र की ओर ले जाना चाहता हूं। वहां चार साल से वर्षा न होने के कारण सूखे की स्थिति बनी हुई है। किसानों की जो फसलें नष्ट हुई हैं, उससे किसान अपना कर्ज अदा नहीं कर पा रहे हैं। इसी के साथ-साथ यमुना किनारे बुन्देलखंड से सटा हुआ एक कानपुर देहात जिला है जिसकी स्थिति भी यही है। वहां के किसानों की स्थिति बहुत दयनीय है। कानपुर देहात में एक सेंगर नदी है जो एटा, इटावा और औरैया से कानपुर देहात होते हुए मूसा नगर में जाकर चपरघटा घाट पर जाकर मिलती है। अगर मलासा गांव के पास जुनेद गांव में इस नदी को रोकर घाट बना दिया जाये और लिफ्ट केनाल बनाकर उस क्षेत्र के लोगों को पानी दिया जाये, तो जल स्तर को नीचे जाने से रोका जा सकता है और किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है। जब किसानों की आर्थिक स्थिति सुधर जायेगी, तो जो किसान आज आत्महत्या कर रहे हैं, उसे रोका जा सकता है।

मैं आपके माध्यम से यही मांग करना चाहता हूं कि उस नदी को रोककर बांध बनाया जाये, लिफ्ट केनाल बनायी जाये जिससे उस क्षेत्र के किसानों को पानी मिल सके।